आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

बर्ष :13 अंक :408 पृष्ठ –4 दिनांक 21 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार

यूपी में बेटियों के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना, इन्हें स्कूटी देने का ऐलान

उत्तर प्रदेश में गुरुवार को योगी सरकार ने अपना बजट पेश किया

उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पेश करते हुए योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं के लिए बड़ा ऐलान कर दिया. उन्होंने बजट भाषण के दौरान बताया कि सरकार ने कॉलेज जाने वाली छात्राओं को स्कूटी देने के लिए 400 करोड़ खर्च करने का फैसला किया है. ये खर्च रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अंतर्गत किया जाएगा.उत्तर प्रदेश में बजट पेश करने के दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कॉलेज जाती मेधावी छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी. इस योजना के अंतर्गत स्कूटी देने के लिए सरकार ने 400 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव रखा है. इस बार सरकार ने तमाम योजनाओं पर जमकर पैसा खर्चा किया है. जानकारों की माने तो यह बजट यूपी के इतिहास का सबसे बड़ा बजट है, जिसका आकार करीब 8 लाख करोड़ है.इनपर भी होगा खर्चा अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र छात्राओं को पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत 365 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. अल्पसंख्यक समुदाय के विकास एवं उत्थान हेतु वित्तीय वर्ष 2025–2026 में 1998 करोड़ रुपये की बजट व्यवस्था प्रस्तावित है. शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों को कृत्रिम श्रवण सहायक यंत्र आदि खरीदने के लिये आर्थिक सहायता की योजना हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है.पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिलाये जाने हेतु 35 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. पिछड़ा वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजना हेतु 200 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. सभी वर्गों की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुदान की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु 550 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. यूपी विधानसभारू वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने पेश किया बजट, 8 लाख करोड़ के करीब है आकार वृद्धा वस्था किसान पेंशन योजना के अन्तर्गत प्रति लाभार्थी 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है. इस हेतु लगभग 8105 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है. कोविड के दौरान जिन बच्चों ने अपने माता–पिता को खोया है उनकी देखभाल और वित्तीय सहायता हेतु संचालित उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लिये 252 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है.

बदायूं : महिला ने फंदे लटक कर की आत्महत्या, पारिवारिक कलह के चलते उठाया खौफनाक कदम

उझानी रू पारिवारिक कलह में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने अस्पताल ले जाकर उसका इलाज कराया। घर आने के बाद महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। पुलिस के समझाने पर परिजन पोस्टमार्टम कराने को तैयार हुए।कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव संजरपुर निवासी वीना देवी (25) पत्नी सत्यवीर सिंह ने पारिवारिक कलह में दो दिन पहले जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए थे। चिकित्सक ने वीना देवी को भर्ती कर लिया। इलाज कराकर मंगलवार को घर भेज दिया था। बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे वीना देवी ने घर पर अपने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने शव देखा तो चीख पुकार मच गई। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। पुलिस को सूचना दी गई। उझानी के प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। महिला का मायका पक्ष भी आ गया। महिला के पिता भूरे सिंह और भाई ने पोस्टमार्टम और किसी भी प्रकार की कार्रवाई कराने से मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें समझाया कि महिला की मौत हुई है तो मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराना जरूरी है। फिर परिजन जैसा चाहेंगे उसी आधार पर कार्रवाई होगी।

लखीमपुर खीरी चंदरानी अस्पताल के मेडिकल स्टोर की दवा मिली अधोमानक

लखीमपुर :शहर के चंदरानी हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर की एक दवा जांच में अधोमानक मिली है। ड्रग इंस्पेक्टर ने गत वर्ष नवंबर में न्यूक्लियर एज टैबलेट का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा था, जिसकी रिपोर्ट में दवा अधोमानक मिली है। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर ने संबंधित फर्म सहित दवा निर्माता कंपनी को नोटिस भेजकर संबंधित बैच की दवा बिक्री न करने के निर्देश दिए हैं। जिला औषधि अधिकारी बेबीरानी ने बताया कि शहर क्षेत्र में स्थित चंदरानी हॉस्पिटल से नवंबर 2024 में न्यूक्लियर एज टैबलेट का सैंपल लेकर जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था, जिसकी पिछले दिनों रिपार्ट आने पर दवा अधोमानक मिली है। उन्होंने बताया कि दवा में सिफिक्जिम, एजिथ्रोमाइसिन सहित लैक्टिक एसिड बैसीलस का मिश्रण है। यह दवा एंटीबायोटिक है। इसका उपयोग बैक्टीरिया के संक्रमण में होता है। दवा में सिफिक्जिम और एजिथ्रोमाइसिन दवा का मिश्रण मानक से कम मिला है। जिला औषधि अधिकारी ने बताया कि यह दवा पंचकूला की पर्क फार्मा कंपनी द्वारा निर्मित है। उन्होंने बताया कि संबंधित बैच की दवा प्रतिबंधित कर संबंधित फर्म सहित निर्माता कंपनी को नोटिस जारी की गई है। इसके बाद न्यायालय में वाद दायर कराया जाएगा।

महाकुंभ ट्रेनें ओवरफुल, सेंट्रल व गोविंदपुरी स्टेशन पर श्रद्धालुओं की रही भारी भीड़, ट्रेनों की लेटलतीफी बनी समस्या

कानपुर। सेंट्रल और गोविंदपुरी स्टेशनों पर बुधवार को भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मेला स्पेशल व प्रयागराज ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं मिली। यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने व उतरने के लिए धक्कामुक्की करनी पड़ी। टॉयलेट, गलियारे व कोच के दरवाजों पर बैठकर यात्रियों ने सफर किया। दिल्ली–हावड़ा, झांसी रूट पर जाने के लिए यात्रियों को घंटों ट्रेनों का इतजार करना पड़ा। संगम में डुबकी लगाकर लौटे श्रद्धालुओं की भीड़ बुधवार को सेंट्रल स्टेशन पर ज्यादा रही। वहीं महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं को 18 मेला स्पेशल व रूटीन ट्रेनों से तत्काल भेजा गया, जिससे प्लेटफार्मों पर स्थिति सामान्य बनी रही। हालांकि शाम के बाद अचानक भीड़ बढ़ी तो प्रयागराज जा रहीं स्पेशल ट्रेनों से श्रद्धालु रवाना होते रहे। प्लेटफार्म 3 से सात पर यात्रियों का लोड ज्यादा रहा। सुरक्षा के लिहाज से क्यूआरटी, आरपीएफ, जीआरपी और रेवले कर्मी मुस्तैद रहे। स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि संगम से लौटे श्रद्धालुओं को विभिन्न रूटों पर मेमू रैक चलाकर रवाना किया जा रहा है। प्रयागराज के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ आने पर तत्काल मेला स्पेशल चलाई जा रही है। बुधवार को 16 स्पेशल रवाना की गई हैं। कई बार मेला स्पेशल ट्रेनों के प्लेटफार्म बदलने की घोषणा हुई तो श्रद्धालु ट्रैक से होकर दूसरी तरफ जाने लगे। इस पर सुरक्षा कर्मियों ने नाराजगी जताई और हाथ पकड़कर उन्हें प्लेटफार्मों पर खींचा। आरपीएफ इंस्पेक्टर बीपी सिंह ने बताया कि श्रद्धालु ट्रेन पकड़ने के चक्कर में लाइन से होकर इधर से उधर प्लेटफार्म पर पहुंच रहे हैं। इसकी दिनभर निगरानी रखी जा रही है। महाकुंभ पर आखिरी अमृत स्नान महाशिवरात्रि पर 10 और मेमू सेंट्रल से चलाई जाएगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अभी तक 10 मेमू का संचालन किया जा रहा है। भीड़ को देखते इसे बढ़ाया जाएगा। हर 20 मिनट में श्रद्धालुओं को ट्रेन मिले, इसके लिए महाशिवरात्रि के दो दिन पहले व बाद तक 20 मेमू रैक सेंट्रल स्टेशन से चलेगी। बढ़े हुए 10 रैक तैयार रहेंगे। श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण ट्रेनें ठसाठस चल रही हैं। वहीं सिक्किम महानंदा 31 घंटे और कुंभ स्पेशल 24 घंटे देरी से पहुंच रही हैं। जिसमें बुधवार को करीब 57 ट्रेनें 1 से 31 घंटे तक देरी से आई और गई। 00116 प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल कुंभ स्पेशल 24 घंटे, 00118 प्रयागराज–कानपुर सेंट्रल स्पेशल 18 घंटे, 04175 भागलपुर–कानपुर सेंट्रल कुंभ स्पेशल 17 घंटे लेट रही। 22824 नई दिल्ली–भुवनेश्वर तेजस राजधानी 11 घंटे, 15483 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस 31 घंटे लेट, 18309 संबलपुर–जम्मू तवी एक्सप्रेस 7 घंटे लेट रही। 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस 6 घंटे लेट, 22823 भुवनेश्वर नई दिल्ली तेजस राजधानी 16.30 घंटे लेट, 22459 बाबा बैजनाथ धाम हमसफर 20 घंटे लेट रही। 22405 भागलपुर आनंद विहार गरीबरथ 18 घंटे, 20414 काशी महाकाल एक्सप्रेस 9 घंटे, 12988 अजमेर सियालदह एक्सप्रेस 8 घंटे लेट, 12487 सीमांचल एक्सप्रेस 12 घंटे लेट, 12307 हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस 11 घंटे लेट रही। मंगलवार रात 11 बजे गरीबरथ एक्सप्रेस सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म पांच पर पहुंची तो एसी कोचों में प्रयागराज जाने वाले जनरल टिकट धारकों ने कब्जा कर लिया। ट्रेन में इस कदर भीड़ थी कि बाथरूम जाने तक की जगह नहीं बची। मुस्तैद सुरक्षा व रेलवे कर्मियों ने उन्हें मशक्कत के बादउतारा। इस वजह से करीब एक घंटे 20 मिनट ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही। यहीं नहीं प्लेटफार्म एक से सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली श्रम शक्ति एक्सप्रेस में भी यात्रियों की भीड़ रही। लोग इमरजेंसी खिड़की से अंदर घुसते रहे।

महाकुंभ भगदड़ इलाहाबाद हाईकोर्ट का ने यूपी सरकार से जवाब किया तलब, जांच आयोग पर पूछा सवाल

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ की घटना को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है. हाईकोर्ट ने यूपी सरकार से न्यायिक आयोग द्वारा की जा रही जांच का दायरा बढ़ाए जाने को लेकर जवाब तलब किया है. कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्या न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ाया जा सकता है. इस मामले पर अगली सुनवाई 24 फरवरी को की जाएगी. हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिनों का वक्त दिया है.

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव सुरेश चंद्र पांडेय ने तमाम मांगों को लेकर जनहित याचिका दाखिल की थी. चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की डिवीजन बेंच में इस मामले पर सुनवाई हुई. कोर्ट ने यूपी सरकार से मांगा जवाबइस याचिका में मौतों की सही संख्या का पता लगाने, पीड़ितों के नाम सार्वजनिक किए जाने, कुछ शवों का पोस्टमार्टम नहीं कराए जाने की शिकायत की जांच कराए जाने, डेथ सर्टिफिकेट दिए जाने को लेकर लोगों को परेशान किए जाने समेत तमाम शिकायतों को उजागर करते हुए अलग से जांच कराए जाने का आदेश देने या फिर न्यायिक आयोग की जांच का दायरा बढ़ाए जाने की मांग की गई है.

बता दें कि मौनी अमावस्या के अमृत स्नान से कुछ घंटों पहले ही संगम नोज पर अचानक भीड़ बढ़ने की वजह से भगदड़ मच गई थी. इस घटना के बाद कुछ घंटों के लिए साधु संतों ने अमृत स्नान को भी रोक दिया था. हालांकि बाद में प्रशासनिक पहल के बाद सभी अखाड़ों ने स्नान किया.

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक भगदड़ में 30 लोगों की जान चली गई थी लेकिन, विपक्ष लगातार ज्यादा मौतें होने और सरकार पर सही आंकड़ा छुपाए जाने का आरोप लगा रहा है. मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने इस मुद्दे को लोकसभा और यूपी विधानसभा दोनों जगहों पर जोर शोर के साथ उठाया है. हालांकि सरकार अभी इस मामले में न्यायिक जांच की बात कहते हुए कुछ भी कहने से इनकार रही है.

यूपी में शराब के शौकीनों को बड़ा झटका

उत्तर प्रदेश में शराब के शौकीनों के लिए बुरी खबर है. योगी सरकार द्वारा लाई जा रही नई आबकारी नीति की वजह से प्रदेश में शराब की दुकानों की संख्या कम हो जाएगी. क्योंकि अब सरकार ने पहली बार शराब की कंपोजिट दुकानें खोले जाने को मंजूरी दे दी है, जिससे अब प्रदेश में अंग्रेजी, बीयर और वाइन की बिक्री एक साथ एक दुकान पर की जा सकेगी. इस फैसले के बाद प्रदेश में करीब 3 हजार से ज्यादा दुकानें कम हो जाने की संभावना हैं. आबकारी आयुक्त के मुताबिक कंपोजिट दुकानें खुलने की वजह से हर तरह की शराब चाहे वो अंग्रेजी शराब हो या बीयर या फिर वाइन इन सभी को एक दुकान पर ही बेचा जा सकेगा. इसलिए शराब बिक्री के लिए अब कम दुकानों की जरूरत होगी. हालांकि अगर आवश्यकता हुई तो इसमें बढ़ोतरी हो सकती है लेकिन फिलहाल इस फैसले से शराब के दुकानें कम हो जाएगी.

आबकारी आयुक्त के मुताबिक अब से नई नीति के तहत शराब व भाँग की दुकानों की ई लॉटरी के लिए पंजीकरण शुरू भी हो गया है.ई लॉटरी के जरिए होगा दुकानों का आवंटन बुधवार तक शराब की कंपोजिट दुकानों के लिए 16758 आवेदन जमा किए जा चुके हैं. इससे सराकर को 84.95 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. जिसके बाद दुकानों का आवंटन ई लॉटरी सिस्टम के जरिए होगा. ई–लॉटरी के लिए आबकारी विभाग के ऑनलाइन पॉर्टल पर जाकर अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं. आवेदन जमा कराने की अंतिम तारीख 27 फरवरी तक है. आवेदन जमा होने के बाद 6 मार्च को ई लॉटरी के जरिए कंपोजिट शराब की दुकानों का आवंटन किया जाएगा. इस समय प्रदेश में अंग्रेजी शराब और बीयर की कुल 12533 दुकानें हैं इनमें से 6563 दुकानें अंग्रेजी शराब हैं जबकि 5970 दुकानों पर बीयर बेची जाती है. लेकिन कंपोजिट दुकानों के आने के बाद आबकारी विभाग ने अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानों की संख्या 9362 कर दी है.जाहिर है इसके हिसाब से अप्रैल से प्रदेश में 3171 शराब की दुकानें कम हो जाएंगी. प्रदेश की नई आबकारी नीति 2025–26 में शराब की कंपोजिट दुकानों के फैसले की घोषणा की गई थी. नई नीति में ज्यादा राजस्व एकत्र कनरे के लिए शराब की दुकानों के लाइसेंस के नवीनीकरण की ई लॉटरी की व्यवस्था की गई है. सरकार ने इस बार आबकारी विभाग को साल 2025–26 में 60000 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्र करने का लक्ष्य दिया है.

अलीगढ़ पुलिस और बरेली STF ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का किया भंडाफोड़, हथियार बरामद

अलीगढ़ में लगातार अवैध हथियारों को लेकर पुलिस के द्वारा तरह–तरह के अभियान चलाने और अवैध हथियारों का निर्माण करने वाले तश्करों के खिलाफ भी पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए उनको सलाखों के पीछे भेजने का काम किया. लेकिन फिर भी अवैध हथियारों का निर्माण करने वाले तश्कर चंद लोहे में बड़ा मुनाफा मिलने के कारण इस तरह के कामों को हर रोज अंजाम देते नजर आते है.ऐसे लोग पुलिस की रडार पर है. यही कारण है कि बरेली से अलीगढ़ पहुचीं एसटीएफ टीम ने अलीगढ़ पुलिस के साथ मिलकर अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने इस फैक्ट्री से हथियार बनाने में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं.दरअसल पूरा मामला उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ का है. जहां बरेली जिले की एसटीएफ यूनिट और थाना टप्पल पुलिस की संयुक्त टीमों के द्वारा थाना टप्पल क्षेत्र के जड़तोली गांव में अवैध रूप से संचालित अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मौके से बड़ी तादाद में हथियारों का जखीरा बरामद कर हथियार बनाने वाले चार अभियुक्तों को हथियार बनाते वक्त मौके से रंगेहाथ गिरफ्तार किया है.पुलिस ने हथियार बनाने वाले चारों अभियुक्तों के कब्जे से बड़ी संख्या में बने हुए तमंचे और अधबने तमंचे सहित अवैध शस्त्र फैक्ट्री से हथियार बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं. पुलिस ने चारों अभियुक्तों पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है. इसके साथ ही चारों अभियुक्तों का मेडिकल कराते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया है. पूरे मामले पर जानकरी देते हुए पुलिस द्वारा बयान भी जारी किया गया है, जिसमे खैर क्षेत्राधिकारी वरुण कुमार सिंह ने बताया कि बरेली जिले की एसटीएफ यूनिट और थाना टप्पल जनपद अलीगढ़ पुलिस द्वारा बुधवार को एक सराहनीय कार्य किया. दोनों ही संयुक्त टीमों द्वारा अपने संयुक्त ऑपरेशन में थाना टप्पल क्षेत्र के जड़तोली गांव अंतर्गत एक अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. उक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री से हथियार बनाने वाले चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है. जिनके कब्जे से 10 बने हुए तमंचे और तीन अधबने तमंचे समेत बड़ी संख्या में हथियार बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं. चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

धनीपुर के भरतुआ एवं बिजौली के हरनौट भोजपुर में मतदान संपन्न

बिजौली के कासिमपुर नागरी में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में निर्वाचन प्रक्रिया स्थगित

अलीगढ़ सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कौशल कुमार ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के क्रम में जनपद के 2 विकास खण्डों के 03 प्रधान ग्राम पंचायत के रिक्त पदों पर प्राप्त नामांकन के सापेक्ष 19 फरवरी 2025 को 02 प्रधान ग्राम पंचायतों के रिक्त पदों पर मतदान सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड बिजौली की ग्राम पंचायत कासिमपुर नागरी के रिक्त प्रधान पद के निर्वाचन के संबंध में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन प्रक्रिया को अग्रिम सुनवाई तिथि तक स्थगित कर दिया गया है।उन्होंने शेष 02 प्रधान पद के मतदान का विवरण देते हुए बताया कि ब्लॉक धनीपुर के ग्राम भरतुआ में प्रधान पद के लिए 2912 के सापेक्ष 1662 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया जोकि 57.07 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार ब्लॉक बिजौली के ग्राम हरनौट भोजपुर में 2790 के सापेक्ष 1932 वोट डाले गए जिसका मतदान प्रतिशत 69.25 रहा।

महाशिवरात्रि के इंतजामों को लेकर हुआ मंथन– महाशिवरात्रि पर चाक चौबंद इन्तिजाम के लिए नगर निगम ने कसी कमर–नगर आयुक्त ने खेरेश्वर धाम व कावड़ियों के रूट की समीक्षा

महाशिवरात्रि पर होंगे नगर निगम के 4 सेक्टर–04 सेक्टर प्रभारी 1 सुपर नोडल 35 अधिकारीध्कर्मचारी से लैस 30 क्विक एक्शन टीमें 24 घन्टे एक्टिव रहेगा कंट्रोल रूम 7500441344– चप्पे–चप्पे पर तैनात रहेगा नगर निगम–सड़को को गड्ढा मुक्त करने व खेरेश्वर मंदिर पर नगर निगम की तैयारियां हुई शुरू– खेरेश्वर धाम पर लगेंगे कूड़ेदान और मोबाइल शौचालय–महाशिवरात्रि पर बंद रहेंगी मीट की दुकान– आवारा पशु पालकों को चेतावनीमहाशिवरात्रि एवं कावड़ियों के आगमन को देखते हुए इस बार नगर निगम ने चाक चौबंद इंतिजाम कराये जाने के लिए 4 सेक्टर बनाये है और हर सेक्टर की निगरानी के लिए नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी को सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। गुरुवार को नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अधीनस्थों के साथ समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश भी दिए है।नगर आयुक्त ने बताया महाशिवरात्रि और कांवरियों के रूट को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा अपनी समस्त व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए कावड़ियों के रूट को 4 सेक्टर में बांटा गया है जिसके लिए प्रत्येक सेक्टर में एक सेक्टर प्रभारी 35 अधिकारीध्कर्मचारी की तैनाती सहित 30 क्विक एक्शन टीमें बनाई गई है साथ–साथ अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को सुपर नोडल अधिकारी बनाया गया है।नगर आयुक्त ने बताया महाशिवरात्रि पर नगरीय क्षेत्र में आने वाले कावड़ियों आगमन के सम्भावित मार्ग को 4 सेक्टरों में बांटा गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है सेक्टर–01क्वार्सी चौराहा से पूरा रामघाट रोड मीनक्षी पुल के ऊपर से गांधी पार्क बस स्टैण्ड तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी आरपी सिंह कर निर्धारण अधिकारी सेक्टर 2 गांधी पार्क बस बस स्टैंड से पत्थर बाजार से देहली गेट उदयसिंह खेरेश्वर मंदिर तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी अमित कुमार सिंह उप नगर आयुक्त, सेक्टर 3 मैलरोज बाईपास होते हुए जीटी रोड से नादा पुल खेरेश्वर धाम तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी वीर सिंह सहायक नगर आयुक्त तथा सेक्टर 4 इगलास रोड से मथुरा बाईपास स्लॉटर हाउस से नादा पुल होते हुए खेरेश्वर मंदिर तक क्षेत्र के सेक्टर प्रभारी बेचन सिंह कर अधीक्षक को बनाया गया हैनगर आयुक्त ने कहा महाशिवरात्रि को दृष्टिगत रखते हुए कावड़ियों के आवागमन मार्ग पर मीट विक्रेताओं की दुकानें पूर्ण रूप से बंद रहेंगी और आवारा पशुओं का विचरण पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई आवारा पशु सड़क पर घूमते हुए पाया जाता है तो संबंधित पशुपालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।महापौर प्रशान्त सिंघल ने कहा महाशिवरात्रि पर नगर निगम व्यवस्थाओं को समय से कराने के लिए सभी अधीनस्थों के दायित्व निर्धारित कर दिये गए है सभी के सहयोग से परंपरागत व्यवस्थाओं को पिछले साल से और भव्य रूप दिया जाएगा

मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में ग्रामोद्योगियों को दी गई पुरस्कार राशि

अलीगढ़ परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग कार्यालय में गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मण्डल स्तरीय ग्रामोद्योगी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामोद्योगियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सरकार हस्तशिल्पियों, माटीकला कारीगरों एवं ग्रामोद्योगियों के उत्थान के प्रति कृत संकल्पित है। उन्होंने मण्डल के सभी हस्तशिल्पियों एवं परम्परागत कारीगरों से आव्हान किया कि वह अपने–अपने जिलों में उपस्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालयों में संपर्क कर सरकार द्वारा प्रदत्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अलीगढ़ विजयगढ़ के श्यामवीर सिंह को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रूपये, कासगंज की श्रीमती प्रिया तिवारी को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप 12 हजार रूपये एवं हाथरस की श्रीमती ममता को तृतीय पुरस्कार के रूप में 10 हजार रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही विजेता उद्यमियों को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवत्र से भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कासगंज राकेश कुमार यादव, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय एटा के प्रधान सहायक सुघर सिंह, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय हाथरस के कनिष्ठ सहायक संजीव कुमार, समेत अन्य कार्मिक व ग्रामोद्योगी उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन कृष्णांजलि में 24 फरवरी को प्रातः 10 बजे से

अलीगढ : जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी जितेन्द्र कुमार चौहान ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी में 24 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कृष्णांजलि नाट्यशाला में पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं सैनिक परिवारों के उत्साहवर्धन के लिए पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने जिले के सभी पूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं शहीद सैनिकों के आश्रितों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर पूर्व सैनिक सम्मेलन में शामिल होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं।

ऐतिहासिक राजकीय एवं औद्योगिक कृषि प्रदर्शनी नुमाइश के बाहर अवैध दुकानोंदारों द्वारा अवैध अतिक्रमण व गंदगी करना पड़ा महंगा

अवैध अतिक्रमण व गंदगी करने वालों के विरूद्ध नगर निगम प्रवर्तन टीम व स्वास्थ्य विभाग द्वारा 39000 का लगाया भारी जुर्माना गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग व प्रवर्तन टीम द्वारा ऐतिहासिक राजकीय एवं औद्योगिक कृषि प्रदर्शनी नुमाइश के बाहर अवैध दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने और प्रतिबंधित पॉलीथिन प्रयोग करने पर 39000 का भारी जुर्माना वसूला और दुकानदारों की जमकर क्लास लगाई दोबारा सड़क पर अतिक्रमण गंदगी करने की दशा में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करने की नसीहत भी दी।नगर आयुक्त विनोद कुमार ने कहा सभी दुकानदार अपने प्रतिष्ठान के कचरे को कूड़ेदान में अनिवार्य रूप से रखें– प्रतिष्ठान में दो कूड़ेदान रखें कचरा उठाने के पश्चात सड़क पर कचरा डालने गंदगी करने वालो को को चिन्हित किया जा रहा है जिनके विरुद्ध नगर निगम अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगीऐतिहासिक राजकीय एवं औद्योगिक कृषि प्रदर्शनी नुमाइश के बाहर अवैध दुकानोंदारों पर कार्यवाही करती नगर निगम टीम

एएमयू की सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर से साइबर . ठगी में जमानत खारिज, ठगे थे 75 लाख

एएमयू की सेवानिवृत्त 81 वर्षीय महिला प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 75 लाख रुपये की साइबर ठगी में जेल भेजे गए आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी गई है। जमानत अर्जी एडीजे तीन राकेश वाशिष्ठ की अदालत से खारिज की गई है। बता दें कि अक्तूबर माह में हुए इस मुकदमे आरोपी को बिहार से छह जनवरी को गिरफ्तार कर यहां ट्रांजिट रिमांड पर लाया गया था। पीड़ित महिला प्रोफेसर संग यह ठगी सितंबर से अक्तूबर के मध्य हुई। वीडियो कॉल पर मुंबई ईडी का अधिकारी बनकर डराया और कहा कि तुम्हारे खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। इसके बाद विधिक कारवाई का हवाला देकर अलग अलग बार में कुल 75 लाख रुपये जमा कराए। इस दौरान हैकरों ने वीडियो कॉल पर बातचीत में महिला के हाथों में कंगन देखकर उन्हें गिरवी रखवाकर लोन करा दिया। मामले में साइबर थाना पुलिस ने 21 लाख रुपये होल्ड करा दिए। साथ ही जांच की तो सामने आया कि ठगे गए रुपये 21 खातों में ट्रांसफर हुए थे। जांच में अमरेश कुमार सिंह निवासी ग्राम बभांगमा, पोस्ट जहांगीरपुर, जनपद वैशाली (बिहार) का नाम सामने आया था। जिसे पुलिस उसके यादव कॉलोनी मूर्ति मकान पटना (बिहार) के किराये के मकान से गिरफ्तार करके लाई थी। इस मामले में आरोपी की ओर से यह तर्क दिया गया कि उसे सिर्फ कुछ लोगों ने ग्रुप में जुडने व खाते का प्रयोग करने का ऑफर दिया था। मगर अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट उल्लेख किया है कि बुजुर्ग संग इस तरह की वारदात उनके प्रति असंवेदनशीलता जाहिर करती है। इसलिए बिना किसी विचार के जमानत निरस्त की जाती है।

डीएम ने की महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा

अलीगढ़ :जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों और जिले के प्रमुख शिव मंदिर प्रमुखों व मेला कमेटियों के प्रभारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मन्दिर प्रबन्धकों एवं आयोजकों को पुलिस–प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अपेक्षित सहयोग करने के भी निर्देश दिये। डीएम ने शिवरात्रि से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रवार एसडीएम, एसीएम एवं सीओ को नोडल अधिकारी नामित करते हुए एडीएम सिटी, एसपी सिटी, नगर निगम, जलकल, विद्युत, पीडब्लूडी, ट्रैफिक, नगर स्वास्थ्य अधिकारी को संबंधित आयोजकों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीओ एवं एसीएम बिजली एवं नगर निगम के सबंधित अधिकारी के साथ शोभायात्रा वाले रूट का भ्रमण करें ताकि सही वस्तुस्थिति से अवगत हो कमियों को दूर किया जा सके। उन्होंने 26 फरवरी तक आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत विभिन्न विभागों के स्तर से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को काबड़ यात्रा वाले मार्गों पर झाड़ियों के कटान ससमय कराने के निर्देश दिए ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि खेरेश्वर,अचलेश्वर समेत जिले के सभी प्रमुख मंदिरों पर समुचित साफ–सफाई एवं जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने श्रद्धालुओं एवं आयोजकों से आव्हान किया कि डीजे की ऊचॉई मानक के अनुरूप ही रखें और डीजे के ऊपर न बैठें।डीएम ने समय रहते सभी प्रकार के सुधारात्मक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी मार्गों पर साइनेज अवश्य लगा दिए जाएं ताकि आवागमन में कोई परेशानी न हो। शिविरों में खान–पान व्यवस्थाओं की भी जॉंच कर लिया जाए। कांवड़ परम्परागत रूट्स पर ही निकलें। रामघाट–कल्याण मार्ग समेत शहर के प्रवेश एवं मुख्य मार्गों को अतिक्रमण एवं गुड्ढ़ा मुक्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित एसडीएम एवं डीपीआरओ को मार्गों पर साफ–सफाई के साथ प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले के एकमात्र गंगा घाट सांकरा पर प्रकाश एवं सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं। उन्होंने सीएमओ को एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की टीम को एलर्ट मोड पर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि वह निजी चिकित्सालयों से समन्वय स्थापित कर लें। उन्होंने मंदिरों के आसपास शराब व मीट की दुकानों को पूर्ण रूप से बन्द कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रूप से मंदिरों एवं काबड़ यात्रा मार्गों का स्थलीय भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त–दुरूस्त करने के निर्देश दिए। एसएसपी संजीव सुमन ने बताया कि श्रद्धालुओं एवं काबड़ियों की सुविधा व सुरक्षा के दृष्टिगत 25 फरवरी को नुमाइश का आयोजन बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि त्योहार दिवस पर प्रातः 7 बजे से ही डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी जाती है। हैवी ट्रैफीक वाले चौराहों पर डायवर्जन के साथ ही पुलिस ड्यूटी लगाई जाती है। महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड़ियों का सर्वाधिक दवाब रामघाट–कल्याण मार्ग पर रहता है। उन्होंने काबड़ियों के लिए निर्धारित रूट पर ही आवागमन सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने आयोजकों से सभी शिविरों में सुरक्षा के दृष्टिगत फायर सेफ्टी उपकरण एवं सीसीटीवी का इंतजाम करने हैं। उन्होंने बताया कि यातायात समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रखने के लिए एनएसएस,एनसीसी एवं सिविल डिफेंस के वालिंटियर्स को भी लगाया गया है।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम, एसपी ग्रामीण, नगर मजिस्ट्रेट राम शंकर, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी समेत सभी एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सत्ता पार्टी के 3 विधायकों के बावजूद जिले के हाथ खाली, नहीं मिला कोई बड़ा प्रोजेक्ट

हाथरस सिटी
HATHRAS CITY

उत्तर प्रदेश सरकार के नए बजट में हाथरस जिले को कोई विशेष परियोजना नहीं मिली है। जिले में पांच साल पहले घोषित मेडिकल कॉलेज का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। हाथरस में दाल, हथकरघा, हींग, रेडीमेड गारमेंट और रंग उद्योग प्रमुख हैं। हसायन का इत्र उद्योग और बिसावर का घुंघरू उद्योग, पुरदिलनगर नगर का मूंगा मोती उद्योग भी काफी प्राचीन है लेकिन इन उद्योगों के विकास के लिए कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया गया है।जिले में भाजपा के सांसद हैं। सिकंद्राराऊ और हाथरस सदर सीट से भाजपा विधायक हैं। सादाबाद से सरकार के सहयोगी दल रालोद के विधायक हैं। सत्ता पक्ष का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद जिले को विशेष सुविधाएं नहीं मिली हैं। स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया मिली–जुली है। कैंटीन संचालिका शबाना के अनुसार सामान्य योजनाओं का लाभ तो मिलेगा, लेकिन हाथरस के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। बजट में जिन एक्सप्रेस–वे के निर्माण की घोषणा की गई है, उनके सीधे तौर पर हाथरस को कोई लाभ नहीं मिलेगा।छात्रा खुशी ने स्कूटी योजना की सराहना की। उसका कहना है कि यह योजना काफी अच्छी है। मेडिकल स्टोर संचालक अमित सेंगर ने स्वास्थ्य सेवाओं की खराब स्थिति पर चिंता जताई। उनका कहना है कि यहां स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया। बजट में भी हाथरस के लिए अलग से कुछ नहीं है। किसान सुखविंदर सिंह ने आवारा पशुओं की समस्या का मुद्दा उठाया। किसान इस समस्या से काफी परेशान है और अगर योगी सरकार ने इसके लिए अलग से बजट की घोषणा की है तो यह काफी अच्छी है।जिले को ट्रांसपोर्ट नगर की आवश्यकता है। सरकार द्वारा घोषित नए एक्सप्रेसवे में भी हाथरस को शामिल नहीं किया गया है। स्थानीय उद्योग–धंधे, स्वास्थ्य सेवाएं और परिवहन सुविधाओं के विकास के लिए कोई विशेष बजटीय प्रावधान नहीं किया गया है।

कांवड़ यात्रा को लेकर नगर पालिका सिकंदराऊ ने चलाया सफाई अभियान

सिकंदराराऊ। आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के तहत नगर क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान चलाया। अधिशासी अधिकारी श्री चंद्र ने अपनी टीम के साथ सिकंदराराऊ के पंत चौराहे सहित प्रमुख मार्गों की सफाई कराई।नगर पालिका की टीम ने यात्रा मार्ग से कचरा हटाने, सड़क किनारे जमी गंदगी को साफ करने और जलभराव की समस्या को दूर करने का कार्य किया। अधिशासी अधिकारी श्री चंद्र ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका कांवड़ यात्रा के समापन तक लगातार सफाई अभियान चलाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे सफाई बनाए रखने में सहयोग करें और कांवड़ यात्रा के दौरान स्वच्छता व्यवस्था का पालन करें। नगर पालिका प्रशासन की इस पहल से श्रद्धालुओं में उत्साह है और यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के प्रयास तेज हो गए हैं।

हाथरस जिला अस्पताल में रोज 200 से ज्यादा बच्चे पहुंच रहे, बुखार–जुकाम की शिकायत

हाथरस में मौसम परिवर्तन का सीधा असर बच्चों के स्वास्थ्य पर दिख रहा है। दिन में तेज धूप और रात में सर्दी से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में हर दिन 200 से अधिक बच्चे खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत लेकर आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ी है। महिला अस्पताल की एसएनसीयू वार्ड में भी इन बीमारियों से पीड़ित बच्चों की संख्या अधिक है। चिकित्सक बच्चों का इलाज कर बचाव के उपाय बता रहे हैं।ठंडी चीजों से बच्चों को रखें दूरजिला अस्पताल की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन सिरोही ने बताया कि मौसम बदलने से बच्चों में ये बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने अभिभावकों को कई जरूरी सुझाव दिए हैं। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं और गुनगुना पानी पिलाएं। उन्हें ठंडी चीजों से दूर रखें। घर का तापमान नियंत्रित रखें। सीधी ठंडी हवा से बचाएं और पर्याप्त जलयोजन बनाए रखे।चिकित्सकों का कहना है कि इन सावधानियों से बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाया जा सकता है। छोटे बच्चों की देखभाल में अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

1026 कैदियों के लिए 184 करोड़ से बन रही जेल

हाथरस को जिला बने हुए करीब 26 साल हो चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक जिले में जिला कारागार नहीं बन सका है। वर्तमान में जिले के कैदियों को अलीगढ़ जिला कारागार में रखा जाता है। वहीं से उन्हें रोजाना पेशी के लिए लाया–ले जाया जाता है। कैदियों से मुलाकात के लिए परिजनों को भी अलीगढ़ जाना पड़ता है, लेकिन यह सिलसिला अब जल्द ही थम जाएगा।धनराशि जारी होने के बाद अब लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड अलीगढ़ ने इगलास रोड पर चिह्नित भूमि पर कारागार का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। जिला कारागार में 1026 कैदियों को रखने की क्षमता होगी। गौरतलब है कि जिला कारागार के लिए भूमि का चिह्नांकन तो कई वर्ष पहले कर लिया गया था, लेकिन बजट के अभाव में यहां काम शुरू नहीं हो पा रहा था। वर्तमान में इसका काम तेजी से चल रहा है। कार्यदायी संस्था को 2026 तक निर्माण पूरा कराने का लक्ष्य दिया गया है।जिला जेल के निर्माण के लिए शासन से 184 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित हुई है। निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। करीब 20 फीसदी निर्माण कार्य पूरा भी हो गया है। फरवरी 2026 तक निर्माण कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य है।

हाथरस में स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम SPEL–2.0 का आयोजन किया

हाथरस में स्टूडेंट्स पुलिस एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम ॅ(च्म्स्)–2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बागला इंटर कॉलेज, आरडी कॉलेज और राजकीय महाविद्यालय कुर संडा के छात्र शामिल हुए। थाना कोतवाली नगर में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। निरीक्षक मुकेश बाबू, प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद्र गौतम और निरीक्षक अपराध विवेक कुमार ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया विद्यार्थियों को कानूनी प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान और यातायात नियंत्रण की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर क्राइम और मानव तस्करी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। छात्रों को थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना और हवालात का दौरा कराया गया। अधिकारियों ने साइबर अपराधों से बचाव पर विशेष ध्यान दिया। फ्रॉड स्कीम, ।च्ज्ञ फाइल फ्रॉड और ।प् से जुड़े अपराधों की जानकारी दी गई। साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली से भी छात्रों को अवगत कराया गया। यह कार्यक्रम पुलिस की छवि को बेहतर बनाने की एक पहल है। इससे युवाओं और पुलिस के बीच बेहतर समझ विकसित होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को न केवल पुलिसिंग की व्यावहारिक जानकारी देना है, बल्कि उन्हें समाज में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए प्रेरित करना भी है।

नमकीन व रबर फैक्टरी पर राज्य जीएसटी ने मारा छापा

शहर में राज्य जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा मथुरा (एसआईबी) की टीम ने शहर के अलीगढ़ रोड स्थित औद्योगिक आस्थान में एक ही परिवार की नमकीन व रबर फैक्टरी पर छापामार कार्रवाई की गई। इससे फिर एक बार शहर के व्यापारियों में खलबली मच गई है टीम ने नमकीन बनाने वाली फर्म पिंकी फूड इंडिया व रबर बनाने वाली फर्म पिंकी रबर उद्योग पर यह कार्रवाई की। एसआईबी के उपायुक्त शशीभूषण त्रिपाठी की ओर से मथुरा की दो टीम के साथ हाथरस की एक टीम ने कार्रवाई में हिस्सा लिया। टीम ने पहले पिंकी फूड इंडिया में नमकीन बनाने में प्रयोग किए जाने वाले कच्चे माल की गणना की।इसमें पैकिंग मेटेरियल पर टीम का विशेष जोर रहा। पैकिंग मेटेरियल के सभी बिल व अन्य दस्तावेजों को भी टीम ने कब्जे में ले लिया। इसके साथ ही रिफाइंड ऑयल आदि के स्टॉक व कुल प्रयोग के आधार पर उत्पादन का आंकलन किया गया। इसके साथ ही पिंकी रबर उद्योग पर प्रयोग किए जाने वाले कच्चे माल की गणना की गई। रात करीब आठ बजे तक दोनों फर्मों पर कार्रवाई जारी रही। टीम द्वारा फर्मों की जांच की जा रही है। इन फर्मों पर स्टॉक आदि का मिलान किया जा रहा है। जांच पूरी होने के बाद कार्रवाई का पूरा ब्योरा दिया जा सकेगा।अधिकारियों का आना कोई नई बात नहीं है। जीएसटी के अधिकारी अपना काम कर रहे हैं। हमारे सीए आदि जांच में पूरी मदद कर रहे हैं। एक व्यक्ति की शिकायत पर लगातार कई विभागों के अधिकारी जांच के लिए आ रहे हैं, जांच कर रहे हैं, यह उनका काम है। हमारा काम जांच में सहयोग करना है, हम

सासनी में तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया

सासनी में तेज आंधी ने जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया। कस्बे में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। सुबह से ही बिजली कर्मचारी लाइन की मरम्मत में जुटे रहे। कस्बे के बिजली घर के पास तेज हवाओं के कारण 33,000 केवी की लाइन का तार टूट गया। इस घटना से बड़ा हादसा होने से बच गया। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लाइन की मरम्मत की।बिजली विभाग के कर्मचारी मुनेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार, मुनीश, अंकित, योगेंद्र और रविंद्र ने बताया कि विद्युत लाइन को दुरुस्त कर दिया गया है। मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने से कस्बावासियों ने राहत की सांस ली।

हाथरस की अदालत ने फिरौती के लिए अपहरण के एक पुराने मामले में 6 दोषियों को कड़ी सजा सुनाई

हाथरस की अदालत ने फिरौती के लिए अपहरण के एक पुराने मामले में 6 दोषियों को कड़ी सजा सुनाई है। अदालत ने सभी दोषियों को उम्रकैद की सजा के साथ 10–10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न चुकाने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला 10 जनवरी 2006 का है।सहपऊ निवासी देवकुमार सिकंद्राराऊ बस स्टैंड पर अपने मामा के यहां पिलुआ, एटा जाने की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी दौरान अलीगढ़ की तरफ से आई एक टाटा सुमो में बैठे लोगों ने उन्हें जबरन गाड़ी में खींच लिया। अपहरणकर्ताओं ने 5 लाख रुपए की फिरौती की मांग की। अपहरणकर्ताओं ने देव कुमार को एक नलकूप की कोठरी में बंधक बना कर रखा।पुलिस ने मुठभेड़ के बाद फिरोजाबाद से देव कुमार को मुक्त करा लिया। पुलिस जांच में हजारीलाल उर्फ टिल्लू, श्यामपाल, हेमेंद्र कुमार, संतोष कुमार, कोठारी और धर्मवीर को आरोपी पाया गया। इन सबके विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। एडीजीसी त्रिलोकी शर्मा आने की पैरवी अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय महेंद्र कुमार रावत की अदालत में मामले की सुनवाई हुई। एडीजीसी त्रिलोकी शर्मा ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की। सभी दोषी फिरोजाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले हैं।

मोटरसाइकिल रुकवा कर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कन्हैया चौधरी अपने छोटे भाई के साथ दुकान से मोटरसाइकिल पर घर जा रहे थे। गांव के पास महादेव मन्दिर पर पीछे से मोटर साइकिल पर सवार सुरेन्द्र तथा दो अज्ञात अन्य व्यक्ति आए और उन्होंने मोटरसाइकिल रोक कर अचानक उसे उसके छोटे भाई पवन चौधरी को मार पीट करना शरू कर दिया । मोटरसाइकिल को अज्ञात व्यक्तियों ने रोका। एक नामजद और दो अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल सवारों से मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर अज्ञात भाग गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना हाथरस गेट के गांव टुकसान निवासी कन्हैया चौधरी पुत्र वीर पाल सिंह ने कोतवाली में शिकायत की है। शिकायत में उसने कहा है कि वह अपने छोटे भाई के साथ 18 फरवरी शाम साढ़े सात बजे अपनी दुकान से मोटरसाइकिल पर घर जा रहे थे। गांव के पास महादेव मन्दिर पर पीछे से मोटर साइकिल पर सवार सुरेन्द्र पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी नगला कुवँरजी तथा दो अज्ञात अन्य व्यक्ति आए और उन्होंने मोटरसाइकिल रोक कर अचानक उसे उसके छोटे भाई पवन चौधरी को मार पीट करना शरू कर दिया । मारपीट में उसके गर्दन एवं बांए कान और पैर में चोट लगी है। वह जाते समय जान से मारने की धमकी देकर भाग गये है । कोतवाली हाथरस गेट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

Mob :- 9358212499, 9870916612
Unique
Photo Studio
Drone Camera
Candid Shoot
Cenematic Shoot
Kisanpur, Ramghat Road, Aligarh

फुलेरा दूज लाता है वैवाहिक जीवन में खुशियां

फाल्गुन माह की द्वितीया तिथि को फुलेरा दूज के रूप में मनाया जाता है. इस बार फुलेरा दूज 1 मार्च 2025 को मनायी जाएगी. यह दिन होली के आगमन का प्रतीक माना जाता है. इस दिन से होली के पर्व की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं. इस दिन से उत्तर भारत के गांवो में जिस स्थान पर होली रखी जाती हैं वहां पर प्रतीकात्मक रूप में उपले या फिर लकड़ी रख दी जाती हैं. कई जगहों पर इस दिन को उत्सव की तरह मनाया जाता है. इस दिन से लोग होली में चढ़ाने के लिए गोबर की गुलरियां भी बनाई जाती है.पंचांग के अनुसार फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि 01 मार्च को रात्रि 03रू16 मिनट से शुरू हो रही है और तिथि का समापन 02 मार्च को रात्रि 12रू09 मिनट पर होगा. सनातन धर्म में उदया तिथि का विशेष महत्व है. इस प्रकार 01 मार्च को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जाएगा. फुलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसका अर्थ है कि इस दिन विवाह के लिए किसी ज्योतिषीय गणना की आवश्यकता नहीं होती. यही कारण है कि इस दिन कई शादियां होती हैं. शाब्दिक अर्थ में फुलेरा का अर्थ है फूल, जो फूलों को दर्शाता है. यह माना जाता है कि भगवान कृष्ण फूलों के साथ खेलते हैं और फुलेरा दूज की शुभ पूर्व संध्या पर होली के त्योहार में भाग लेते हैं. यह त्योहार लोगों के जीवन में खुशियां और उल्लास लाता है.वहीं ज्योतिष शास्त्र में फूलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त माना गया है जिसमें इस दिन बिना मुहूर्त देखे सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य किया जा सकता है. इस दिन भगवान कृष्ण और राधा जी की पूजा करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम की बहार आती है और इस दिन शादी–विवाह करने पर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद मिलता है.फुलेरा दूज का शुभ मुहूर्त द्वितीया तिथि आरंभरू 01 मार्च को रात्रि 03रू16 मिनट से द्वितीया तिथि समाप्तरू 02 मार्च को रात्रि 12रू09 मिनट पर विवाह के लिए सवा. त्तम मुहूर्त ज्योतिष शास्त्र के अनुसार फुलेरा दूज को हिंदू शास्त्रों में बड़ा ही महत्वपूर्ण योग बताया है इसीलिए इस विशेष दिन सर्वाधिक विवाह समारोह भी संपन्न होते हैं. हिंदू पंचांग की मान्यता के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि विवाह बंधन के लिए वर्ष का सर्वोत्तम दिन है. कहते हैं कि इस दिन विवाह करने से दंपति को भगवान कृष्ण का आशीर्वाद हासिल होता है. सर्दी के मौसम के बाद इसे शादियों के सीजन का अंतिम दिन माना जाता है. इस दिन रिकॉर्ड तोड़ शादियां होती हैं. इसका अर्थ है कि विवाह, संपत्ति की खरीद इत्यादि सभी प्रकार के शुभ कार्यों को करने के लिए दिन अत्यधिक पवित्र है.इस त्योहार को सबसे महत्वपूर्ण और शुभ दिनों में से एक माना जाता है. इस दिन किसी भी तरह के हानिकारक प्रभावों और दोषों से प्रभावित नहीं होता है और इसे अबूझ मुहूर्त माना जाता है. सर्दी के मौसम के बाद इसे शादियों के सीजन का अंतिम दिन माना जाता है. इसलिए इस दिन रिकॉर्ड तोड़ शादियां होती हैं.विवाह, संपत्ति की खरीद इत्यादि सभी प्रकार के शुभ कार्यों को करने के लिए दिन अत्यधिक पवित्र है. शुभ मुहूर्त पर विचार करने या किसी विशेष शुभ मुहूर्त को जानने के लिए पंडित से परामर्श करने की आवश्यकता नहीं है. उत्तर भारत के राज्यों में, ज्यादातर शादी समारोह फुलेरा दूज की पूर्व संध्या पर होते हैं. लोग आमतौर पर इस दिन को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए सबसे समृद्ध पाते हैं.दांपत्य के लिए अतिशुभ घड़ी जिस तिथि में कृष्ण और राधा ने फूलों की होली खेली वह फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि थी, इसीलिए इस तिथि को फुलेरा दूज कहा गया. कृष्ण और राधा के मिलन की तिथि को अति शुभ माना जाता है और इसीलिए इस तिथि को विवाह करने वाले युगलों के बीच अपार स्नेह और दांपत्य का मजबूत रिश्ता बनता है.कैसे मनाते हैं फुलेरा दूज इस दिन सबसे महत्वपूर्ण अनुष्ठान जो किया जाता है वह भगवान कृष्ण के साथ रंग–बिरंगे फूलों से होली खेलने का होता है.ब्रज क्षेत्र में, इस विशेष दिन पर, देवता के सम्मान में भव्य उत्सव होते हैं. मंदिरों को फूलों और रोशनी से सजाया जाता है और भगवान कृष्ण की मूर्ति को एक सजाये गए और रंगीन मंडप में रखा जाता है.रंगीन कपड़े का एक छोटा टुकड़ा भगवान कृष्ण की मूर्ति की कमर पर लगाया जाता है, जिसका प्रतीक है कि वह होली खेलने के लिए तैयार हैं. फुलेरा दूज का खास भोग फुलेरा दूज के दिन भगवान श्रीकृष्ण के लिए स्पेशल भोग तैयार किया जाता है. जिसमें पोहा और अन्य विशेष व्यजंन शामिल हैं. भोजन पहले देवता को अर्पित किया जाता है और फिर प्रसाद के रूप में सभी भक्तों में वितरित किया जाता है. धार्मिक मान्यता फूलेरा दूज पर ब्रज की समस्त गोपियों ने राधा–कृष्ण के प्रेम की खुशी में फूल बरसाए थे, इस कारण से इस त्योहार का महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने होली खेलने की परंपरा की शुरूआत की थी. फुलेरा दूज पर घरों को फूलों और रंगोली से सजाया जाता है. फुलेरा दूज का महत्व शादियों को लेकर है.होली से करीब पंद्रह दिन पहले शादियों का शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाता है. जबकि फुलेरा दूज के दिन हर पल शुभ होता है. यह तिथि भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित होती है। वहीं फुलेरा दूज का शाब्दिक अर्थ फुलेरा का अर्थ है फूल, जो फूलों को दर्शाता है. यह माना जाता है. भगवान कृष्ण फूलों के साथ खेलते हैं और फुलेरा दूज की शुभ पूर्व संध्या पर होली के त्योहार में भा यह त्योहार लोगों के जीवन में खुशियां और उल्लास लाता है. वहीं वैवाहिक जीवन के लिहाज से ये दिन बहुत खास होता है और इस दिन बिना मुहूर्त के ही शादी–ब्याह संपन्न किए जाते हैं.राधा कृष्ण कथा पौराणिक कथा के अनुसार व्यस्तता के चलते कृष्ण कई दिनों से राधा से मिलने वृंदावन नहीं आ रहे थे. राधा के दुखी होने पर उनके सहेलियां भी कृष्ण से रूठ गई थीं. राधा के उदास रहने के कारण मथुरा के वन सूखने लगे और पुष्प मुरझा गए. वनों की स्थिति देखकर कृष्ण को कारण पता चल गया और वह राधा से मिलने वृंदावन पहुंच गए.श्रीकृष्ण के आने से राधा खुश हो गईं और चारों ओर फिर से हरियाली छा गई. कृष्ण ने एक खिल रहे पुष्प को तोड़ लिया और राधा को छेड़ने के लिए उनपर फेंक दिया. राधा ने भी ऐसा ही किया. यह देख वहां मौजूद ग्वाले और गोपिकाएं भी एक दूसरे पर फूल बरसाने लगीं. तब से आज भी प्रतिवर्ष मथुरा में फूलों की होली खेली जाती है. क्या होती हैं गुलरियांगुलरियां गोबर से बनाई जाती हैं. इन्हें बनाने का कार्य फुलेरा दूज से ही शुरू कर दिया जाता है. इसमें महिलाएं गोबर के छोटे–छोटे गोले बनाकर उसमें उंगली से बीच में सुराख बना देती हैं. सूख जाने के बाद इन गुलरियों की पांच सात मालाएं बना ली जाती हैं और होलिका दहन के दिन इन गुलरियों को होली की अग्नि में चढ़ा दिया जाता हैं

प्रेमानंद जी महाराज से जानें क्यों लोग आध्यात्मिक सवाल पूछते हैं, पर उनपर अमल नहीं करते, पढ़ें उनके अनमोल वचन

प्रेमानंद जी महाराज एक महान संत और विचारक हैं जो जीवन का सच्चा अर्थ समझाते और बताते हैं. प्रेमानंद जी के अनमोल विचार जीवन को सुधारने और संतुलन बनाएं रखने में मार्गदर्शन करते हैं.प्रेमानंद जी महाराज के अनमोल वचनों से जानें क्यों लोग पूछे गए आध्यात्मिक सवालों पर चलने का प्रयास नहीं करते. महाराज जी का कहना है कि केवल प्रश्न करने मात्र से बात नहीं बनती. अगर आप भोजन बनाने की प्रक्रिया जान लें, तो उससे भूख नहीं मिटती, उसके लिए आपको भोजन को पकाना पड़ता है. उसी प्रकार साधना किए बिना प्रश्न करना बेकार है. आध्यात्मिक ज्ञान के लिए प्रयास कर रहे हैं लेकिन साधना की नहीं तो आनंद का अनुभव नहीं होगा.हम अगर बात आध्यात्म की करें और आचरण गंदे रखेंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा. आचरण संसारिक और बातें भागवत से जुड़े, तो इसे बहुत पाखंड कहते हैं.बात कर रहें हैं सत्य की चल रहे हैं असत्य में. बात कर रहे हैं प्रकाश की चल रहे हैं अंधकार में, बात करें अमृत की और खा रहे हो विष. इन सब बात का कोई महत्व नहीं है. कुछ लोगों को छोड़ दें तो लगभग हर किसी का यही हाल है. बात करते हैं ज्ञान की और आचरण है अज्ञान के, जीवन एक नाटक बन कर रह गया है.जब हम ज्ञान की बात करते हैं तो ज्ञान का प्रयोग करके अज्ञान का नाश करके सत्य मार्ग पर चलें. सत्य मार्ग पर चलें. जो उत्तर मिला तो उसे अपने जीवन में उतारे तभी आनंद आएगा. दूसरा कोई कुछ भी करता रहे लेकिन हमे ऐसा नहीं करना इस बात को अपने मन में ठान लेना चाहिए. जो जानकारी हमे मिली उसका अपने जीवन में प्रयोग करें और जीवन में उतारें तभी आनंद आएगा. प्रवचन सुना और मन से गंदी बातों का त्याग कर देना चाहिए, नाम जप करते समय आपने सत्संग सुना और उसको जीवन में लागू नहीं किया तो उसका कोई महत्व नहीं है. महात्मा लक्ष्ण से होता है वेश से नहीं होता है. अच्छे से नाम जप करें और सत्य मार्ग पर चलें.

रमजान का पहला रोजा कब रखा जाएगा, इस दिन रोजेदारों को क्या करना चाहिए?

रमजान के पाक महीने की शुरुआत जल्द ही होने वाली है. मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह महीना बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है जोकि इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार शाबान के बाद आता है. बता दें कि रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा महीना है. इस पूरे महीने रोजेदार 29 से 30 दोनों का रोजा (उपवास) रखते हैं और फिर ईद–उल– मनाई जाती है.इस बार रमजान की शुरुआत 28 फरवरी या 1 मार्च से शुरू होने की उम्मीद की जा रही है. हालांकि रमजान का महीना किस दिन से शुरू होगा यह पूरी तरह से चांद दिखने पर ही निर्भर करता है. आधिकारिक तौर पर शाबान खत्म होने के बाद और रमजान का नया चांद दिखाई देने के बाद ही रमजान की शुरुआत मानी जाती है. ऐसे में अगर 28 फरवरी को रमजान का चांद नजर आता है तो 1 मार्च को रोजेदार पहला रोजा रखेंगे. वहीं अगर 1 मार्च को रमजान के चांद का दीदार होगा तो जाहिर तौर पर रोजेदार 2 मार्च को पहला रोजा रखेंगे. आखिरी फैसला चांद दिखने के बाद ही लिया जाएगा.भारत से पहले सऊदी अरब में रमजान का चांद देखा जाता है और इसके बाद भारत में रमजान की शुरुआत मानी जाती है. अगर किसी कारण भारत में रमजान का चांद नहीं दिखाई दे तो ऐसे में सऊदी अरब के चांद के अनुसार अगले दिन भारत के लोग रमजान की शुरुआत कर सकते हैं और रोजा रख सकते हैं. यही नियम ईद के चादं पर भी लागू होती है. रमजान में रोजेदार का रोजा रखना अनिवार्य माना जाता है क्योंकि रोज इस्लाम के पांच मूल स्तंभों में एक है.रमजान में मुस्लमानों का रोजा रखना अनिवार्य माना जाता है. क्योंकि रोजा इस्लाम के पांच मूल स्तंभों में एक है. साथ ही इस पूरे महीने कुरान पढ़ने, अल्लाह की इबादत करने और दान देने की परंपरा भी है. ऐसी मान्यता है कि रमजान के पाक महीने में ही मुसलमानों की पवित्र किताब यानि कुरान, पैगंबर साहब पर नाजिल हुआ था. इस्लाम धर्म में वैसे तो रमजान के पूरे महीने रोजा रखा जाता है. लेकिन पहले दिन का रोजा खास होता है. क्योंकि माह–ए–रमजान का पहला रोजा संयम और सब्र की सीख देता है.

वनवास के समय जिस साड़ी में रहीं माता सीता, उसमें नहीं आई एक भी खरोंच, जानें कैसे 14 साल तक बनी रही उसमें चमक

रामायण में माता सीता के त्याग और समर्पण की अनेक कथाएं वर्णित हैं. उन्हीं में से एक है उनकी दिव्य साड़ी की कहानी. यह साड़ी उन्हें वनवास काल में ऋषि अत्रि की पत्नी माता अनसुइया ने भेंट की थी. इस साड़ी की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह कभी मैली नहीं होती थी और न ही फटती थी. यही कारण था कि माता सीता ने 14 वर्षों के वनवास काल में इसी साड़ी को धारण किया था.दिव्य साड़ी की प्राप्ति जब श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता वनवास के लिए जा रहे थे तो उन्होंने ऋषि अत्रि के आश्रम में कुछ समय बिताया. वहां माता अनसुइया ने उन्हें आदर–सत्कार दिया. जब उन्हें पता चला कि ये 14 वर्षों के वनवास के लिए जा रहे हैं तो उन्होंने सीता माता को एक दिव्य साड़ी भेंट की. यह साड़ी अग्नि देव के तपोबल से प्रसन्न होकर माता अनसुइया को मिली थी. माता अनसुइया ने जो साड़ी सीता जी को दी थी, उसमें सबसे खास बात यह थी कि यह दिव्य कभी मैली नहीं होती थी और ना ही फटती थी. यह साड़ी हमेशा चमकदार बनी रहती थी. यही कारण था कि माता सीता ने वनवास के दौरान 14 वर्षों तक यही साड़ी पहनी थी. 14 वर्षों तक भी यह साड़ी बिल्कुल नई जैसी ही बनी रही थी. माता अनसुइया ने सीता माता को जो दिव्य साड़ी भेंट की थी, उसका रंग पीला था. हिंदू धर्म में पीले रंग को शुभता का प्रतीक माना जाता है. यह रंग ज्ञान, विद्या और पवित्रता का भी प्रतीक है. माता सीता ने 14 वर्षों तक एक ही साड़ी पहनी यह उनके पतिव्रत धर्म का पालन करने का प्रतीक था. उन्होंने अपने पति श्रीराम के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखते हुए वनवास के कष्टों को सहन किया. उनकी सरलता, त्याग और पतिभक्ति को दर्शाती है.

कौन हैं मरघट वाले बाबा, जिनका आशीर्वाद लेकर रेखा गुप्ता ने ली CM पद की शपथ

दिल्ली की राजनीति ने एक नया मोड़ लिया है. शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के तौर पर आज शपथ ली. वे दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं और उनसे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी सीएम रह चुकी हैं. शपथ ग्रहण करने से पहले रेखा गुप्ता अपने परिवार के साथ मरघट वाले हनुमान मंदिर पहुंचीं. यह उनकी हनुमान जी के प्रति गहरी आस्था को दर्शाता है और उन्होंने पहले भी कई महत्वपूर्ण अवसरों पर इस मंदिर में दर्शन किए हैं.रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक बनकर इतिहास रचा है. उन्होंने 'आप' की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया, जो उनकी लोकप्रियता का प्रतीक है. उनकी जीत और सीएम पद की शपथ के साथ उनकी हनुमान जी की प्रति आस्था भी लोगों का काफी ध्यान खींच रही है. तो चलिए जानते हैं कौन हैं मरघट वाले बाबा जिसके दर्शन के बाद मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पहुंची रेखा गुप्ता. मरघट वाला हनुमान मंदिर दिल्ली के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है और इसकी अपनी एक खास बात है. इस मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति जमीन के अंदर लगभग 7–8 फुट नीचे है और यह मान्यता है कि यहां हनुमान जी साक्षात प्रकट हुए थे. इस मंदिर का नाम 'मरघट वाला' इसलिए पड़ा क्योंकि यह श्मशान घाट के पास स्थित है. यहां आने वाले भक्त अपनी समस्याओं और चिंताओं को हनुमान जी के सामने रखते हैं और उनकी कृपा से उन्हें शांति और समाधान मिलता है.पुरानी दिल्ली के यमुना बाजार के एक कोने में मरघट वाले हनुमान का एक अद्भुत मंदिर स्थित है. यह मंदिर न केवल अपनी ऐतिहासिकता के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि इसके पीछे की रहस्यमयी कहानी भी इसे खास बनाती है.कहा जाता है कि जब हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर जा रहे थे तो उन्होंने इसी स्थान पर यमुना नदी को बहते हुए देखा. यहां विश्राम करने का विचार करके वे नीचे उतरे लेकिन उन्होंने पाया कि यह तो एक श्मशान घाट है. उनके आगमन से बुरी आत्माओं में हाहाकार मच गया और हनुमान जी ने उन सभी को मुक्ति प्रदान की.

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक, प्रकाशक
आरती वर्मा द्वारा आशु
प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल
अलीगढ़ से मुद्रितकराकर
. कार्यालय सरोज नगर
गली नम्बर 5,अलीगढ़
से प्रकाशित
सम्पादक–अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद
अलीगढ़ न्यायलय ही होगा

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार
पत्र जननायक सम्राट
के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल
व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो
संवाददाता की
आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा –संम्पादक
मौः–8218049162,8273402499

कासगंज नहर से मिला बुजुर्ग का शव

कासगंज ढोलना थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण का शव नहर में उतराता मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी हुई और उन्होंने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ततारपुर हजारा नहर में एक शव उतराने की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। नहर में शव होने की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को नहर से बाहर निकलवाया गया। आस–पास के लोगों से उसके बारे में जानकारी की गई, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पोस्टमार्टम गृह पर रखवा दिया गया। पुलिस के ने आस–पास के थानों में गुमशुदा के बारे में जानकारी की। वहीं सोशल मीडिया पर भी उसकी फोटो को पुलिस ने वायरल किया। फोटो वायरल होते हुए परिजनों तक पहुंच गई। परिजन ने पुलिस से संपर्क किया और पोस्टमार्टम गृह पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। ढोलना क्षेत्र के गांव महावर निवासी विनोद ने बताया कि शव उनके पिता शिवराम(65) का है। वह बुधवार की सुबह लगभग आठ बजे घर से निकल आए थे। उनके घर न पहुंचने पर परिजन तलाश कर रहे थे। ततारपुर चौकी उप निरीक्षक उपेंद्र सिंह चौहान ने बताया अज्ञात वृद्ध का शव हजारा नहर में उतराता हुआ मिला था, जिसके शव की शिनाख्त परिजनों ने की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सोरोंजी : यूपी बजट को लेकर सुबह से ही तीर्थ नगरी के लोगों को तमाम उम्मीदें

सोरोंजी रू यूपी बजट को लेकर सुबह से ही तीर्थ नगरी के लोगों को तमाम उम्मीदें थीं, लेकिन बजट जारी होने के बाद यहां के तीर्थ पुरोहितों की आशाओं पर पानी फिर गया। सरकार ने प्रदेश के धार्मिक स्थलों के लिए बजट तो जारी किया, लेकिन सोरों तीर्थ नगरी के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया, जिससे यहां के पुरोहितों और श्रद्धालुओं में निराशा देखने को मिल रही है।सोरों धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व की नगरी है, जहां भगवान वराह ने मोक्ष प्राप्त किया था। इस स्थान को तीर्थ स्थल घोषित हुए चार वर्ष होने वाले हैं, लेकिन अब तक किसी बड़े विकास कार्य का ऐलान नहीं हुआ।तीर्थ पुरोहित सतीश भारद्वाज ने बजट को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ष्बजट में अयोध्या और मथुरा का ध्यान रखा गया है, लेकिन सोरों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। सरकार को यहां के लिए भी विशेष प्रावधान करना चाहिए था।अखंड आर्यावर्त के राष्ट्रीय अध्यक्ष भ.ूपेश शर्मा ने कहा कि प्रदेश के बजट में तीर्थ नगरी सोरों के प्रति सरकार और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता साफ झलक रही है। विकास के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जो कि सीधा पक्षपात दर्शाता है।तीर्थ पुरोहित कैलाश कटारे ने भी चिंता जताते हुए कहा कि जब तक सरकार विशेष रूप से सोरों पर ध्यान नहीं देगी, तब तक इसका कायाकल्प नहीं हो पाएगा। हम यूपी सरकार के बजट से काफी उम्मीदें लगाए बैठे थे, लेकिन फिर निराशा ही हाथ लगी।रजनेश निर्भय ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के लिए बजट तो अच्छा रहा है, लेकिन सोरों के विकास के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। चार सालों से लगातार मांग उठ रही है, लेकिन इस बार भी निराशा हाथ लगी है. ।बजट में प्रावधान न होने से तीर्थ पुरोहितों और स्थानीय लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि जब तक सरकार विशेष रूप से सोरों के लिए बजट आवंटित नहीं करती, तब तक इस ऐतिहासिक तीर्थ नगरी का विकास अधूरा रहेगा। अब सभी की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं।

कासगंज पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार

कासगंज पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। छर्रा रोड से पकड़े गए आरोपी के पास से 602 ग्राम डायजापाम बरामद हुआ है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहल्ला बड्डू नगर निवासी अनस उर्फ लकी पुत्र असलम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21ध्22 के तहत मामला दर्ज किया है।जांच में सामने आया है कि आरोपी पेशेवर तस्कर है। उसके खिलाफ पहले से 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

कासगंजः शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने प्रदीप, रतन प्रकाश चुने गये मंत्री

कासगंज उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की पटियाली इकाई के चुनाव एसबीआर इंटर कॉलेज में हुए। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक जिला महामंत्री मुनेश राजपूत और वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दिलीप यादव रहे। ब्लॉक अध्यक्ष पद का चुनाव निर्विरोध हुआ जबकि मंत्री पद के लिए दो नामांकन होने पर मतदान हुआ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पटियाली ब्लॉक के लिए प्रदीप यादव और मंत्री पद पर दो नामांकन रतन प्रकाश और राजीव मिश्रा ने किया। प्रदीप यादव को ब्लॉक अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है। पटियाली ब्लॉक मंत्री के लिए दो नामांकन होने के कारण मतदान कराया गया। मंत्री पद पर हुए चुनाव में 363 शिक्षकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 70 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना के दौरान रतन प्रकाश को 205 मत मिले, राजीव मिश्रा को 150 मत मिले तथा 8 मतपत्र निरस्त हुए। रतन प्रकाश को 55 मतों से जीते और उन्हें ब्लॉक का मंत्री घोषित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए प्रदीप यादव तथा ब्लॉक मंत्री पद पर निर्वाचित हुए रतन प्रकाश को चुनाव पर्यवेक्षक जिला महामंत्री मुनेश राजपूत तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप यादव ने प्रमाण पत्र प्रदान किए । नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला के पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान राजेश यादव, सुखबीर सिंह यादव, देवेश यादव, राघवेंद्र द्विवेदी, शिव कुमार, सत्य प्रकाश पाल, अश्वनी कुमार, देवेंद्र कुमार, मुकेश बाबू, भूपेंद्र गौतम, यशवीर सिंह, अरविंद यादव, वीरपाल सिंह, पंकज कुमार, प्रतिमा, अंजली यादव, जितेंद्र कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

साइकिल सवार की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मची चीत्कारय 3 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

कासगंज के कोतवाली क्षेत्र में सिकंदराराऊ मार्ग पर मोहनपुरा के पास बुधवार सुबह अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।जनपद एटा थाना मारहरा के गांव नगला हरजू निवासी संतोष (42) पुत्र श्यामलाल सुबह बुधवार की सुबह साइकिल से पिवारी की ओर जा रहा था। सिकंदराराऊ मार्ग पर मोहनपुरा कस्बा में कोल्ड स्टोर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद राहगीर व आस–पास लोग मौके पर एकत्रित हो गए। किसी ने फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतक के बारे में लोगों से जानकारी की। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी विनीता ने बताया कि उसके पति मजदूरी करने के लिए गांव कांतौर जाने की बात कह कर घर से निकले थे। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हुई है। परिजनों की ओर से अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

भट्टे की मिट्टी लोगों के लिए बनी परेशानी

कासगंज । जनपद के कस्बा ढोलना के थाना ढोलना पर दिनांक 20 फरवरी 2025 की सुबह कई दर्जन ग्रामीणों ने थाना घिराव कर थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र सौंप आपबीती सुना कार्यवाही की मांग की । मौके पर उपस्तिथ ग्रामीणों का करना है कि बीते कई माह से कासगंज–अतरौली मार्ग से हयातगढी मार्ग के द्वारा एम आर भट्टा पर अनियंत्रित तरीके से मिट्टी ले जाई जा रही है जिससे सड़क पर कई इंच मट्टी सड़क पर जम गई है लोगों के लिए बनी परेशानी ,दर्जनों ग्रामीणों ने थाने का घिराव कर प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष कों सोंपा मिट्टी की निकासी से सड़क पर चार से पांच इंच चढी मिट्टी की परत , बारिश ने बदला माहौल कई लोग घायल ।पूर्व में भी कई बार की गई शिकायतें ,वावजूद इसके कोई असर नहीं । जिस कारण लोगों को आने–जाने में समस्या उत्पन्न हो रही है इतना ही नहीं इस कारण पढ़ने बाले बच्चों किसानों , बुजुर्ग भी धूल मिट्टी से परेशान है और इस धूल के कारण खेती भी प्रभावित हो रही है । जिसे लेकर कई बार भट्टा मालिक से शिकायत की गई लेकिन कोई नतीजा नहें निकला और हल्की से बारिश के कारण कई लोग आहत हो गए है । जब इस बारे में थानाध्यक्ष ढोलना से जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया कि थांने का घेराव नहीं किया गया है बल्कि उन्होंने अपनी सामूहिक शिकायत की है जिसे संज्ञान में लेकर भट्टा मालिक को हिदायत दे दी गयी है

कासगंजः दरोगा की शर्मनाक हरकत, नशे में धुत होकर खुलेआम पत्नी से की अश्लीलता, वीडियो वायरल

कासगंज जनपद कासगंज में यूपी पुलिस के एक दरोगा का शर्मनाक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कासगंज पुलिस लाइन में तैनात दरोगा एसपी ऑफिस से महज चंद कदमों की दूरी पर शराब के नशे में धुत होकर एक महिला के साथ अशोभनीय हरकत करता हुआ दिख रहा है। वीडियो में दरोगा की टोपी भी सड़क पर पड़ी हुई नजर आ रही है।बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो जिले के एसपी ऑफिस से कुछ दूरी पर बने यात्री टीन शेड का है, जहां एक दरोगा नशे में धुत होकर एक महिला के साथ आपत्तिजनक हरकत करता दिख रहा है। हालांकि, महिला को दरोगा की पत्नी बताया जा रहा है। वहीं, दरोगा की टोपी टीन शेड के पीछे सड़क पर पड़ी हुई थी।जब दरोगा से वर्दी में शराब पीने और सार्वजनिक रूप से हंगामा करने को लेकर सवाल किया गया, तो उसने कहा कि वह किसी से बदतमीजी नहीं कर रहा है। उसने यह भी बताया कि वह बरेली का रहने वाला है और उसका नाम राजकुमार है। कुछ देर बाद उसने यह भी कहा कि उसने फर्जी वर्दी पहन रखी है और वह पुलिस में नहीं है।फिलहाल, नशे में धुत दरोगा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर एएसपी राजेश भारती ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा एसआई मनोज कुमार कासगंज पुलिस लाइन में तैनात है और महिला उसकी पत्नी है। एसपी कासगंज अंकिता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एसआई को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए

एटा मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

एटा मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षणअलीगढ़ मंडलायुक्त संगीता सिंह ने एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में लगभग सभी विभाग कार्यरत हैं। आसपास के जिलों से मरीज यहां इलाज के लिए आ रहे हैं। कुछ डॉक्टरों की कमी है, जिस पर प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल स्वयं नजर रख रही हैं। अगले वर्ष से पीजी कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी।निरीक्षण के दौरान आयुष्मान भारत योजना की भी समीक्षा की गई। मंडलायुक्त ने जिले में 70 वर्ष से अधिक उम्र के 12,000 से ज्यादा लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है और इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. उमेश कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने विभिन्न विभागों के अभिलेखों का भी निरीक्षण किया और मौजूदा कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

दरोगा एसपी ऑफिस से महज चंद कदमों की दूरी पर शराब के नशे में धुत होकर एक महिला के साथ की अशोभनीय हरकत

कासगंज जनपद कासगंज में यूपी पुलिस के एक दरोगा का शर्मनाक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कासगंज पुलिस लाइन में तैनात दरोगा एसपी ऑफिस से महज चंद कदमों की दूरी पर शराब के नशे में धुत होकर एक महिला के साथ अशोभनीय हरकत करता हुआ दिख रहा है। वीडियो में दरोगा की टोपी भी सड़क पर पड़ी हुई नजर आ रही है।बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो जिले के एसपी ऑफिस से कुछ दूरी पर बने यात्री टीन शेड का है, जहां एक दरोगा नशे में धुत होकर एक महिला के साथ आपत्तिजनक हरकत करता दिख रहा है। हालांकि, महिला को दरोगा की पत्नी बताया जा रहा है। वहीं, दरोगा की टोपी टीन शेड के पीछे सड़क पर पड़ी हुई थी।जब दरोगा से वर्दी में शराब पीने और सार्वजनिक रूप से हंगामा करने को लेकर सवाल किया गया, तो उसने कहा कि वह किसी से बदतमीजी नहीं कर रहा है। उसने यह भी बताया कि वह बरेली का रहने वाला है और उसका नाम राजकुमार है। कुछ देर बाद उसने यह भी कहा कि उसने फर्जी वर्दी पहन रखी है और वह पुलिस में नहीं है।फिलहाल, नशे में धुत दरोगा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मामले को लेकर एएसपी राजेश भारती ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा एसआई मनोज कुमार कासगंज पुलिस लाइन में तैनात है और महिला उसकी पत्नी है। एसपी कासगंज अंकिता शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से एसआई को निलंबित कर दिया है और विभागीय जांच के आदेश दिए



पीड़ित ध्यान दें
मो. 8218049162
jnsnews24aligarh@gmail.com